# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 03 अप्रेल।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश में संगठन चुनाव हेतु नियुक्त प्रभारी श्री संजय निरूपम ने आज मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस सदस्यता अभियान तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे महँगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् जिला स्तर एवं दिनांक 07 अप्रेल, 2022 को जयपुर में होने वाले प्रदेश स्तरीय धरना, प्रदर्शन की तैयारियों हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, राजस्थान से एआईसीसी के पदाधिकारीगण, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षण, समस्त जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण, डिजिटल सदस्यता अभियान के स्टेट कोर्डिनेटर्स/को-कोर्डिनेटर्स तथा डिजिटल सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनरोलर्स की बैठक ली।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि बैठक में मौजूद सभी कांग्रेसजन अधिक से अधिक संख्या में डिजीटल माध्यम से सदस्य बनाएं ताकि श्रीमती सोनिया गाँधी एवं श्री राहुल गाँधी द्वारा दिए गए संदेश को तत्काल एप्प के माध्यम से सदस्यों तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान से प्राप्त डाटा का उपयोग राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का महत्व जनता तक पहुँचाने के साथ ही जनता को केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलताओं से आसानी से अवगत करवाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति आज मोबाईल का उपयोग करता है तथा डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् व्यक्ति के मोबाईल पर संदेश प्रदान कर कांग्रेस की विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों की सूचना प्रदान की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक से दो उद्देश्यों की पूर्ति हो रही है, पहला उद्देश्य मुख्यमंत्री महोदय को बजट घोषणाओं में कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिवेशन के माध्यम से दिए गए सुझावों को बजट में सम्मिलित किया उसके लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आज सभी उपस्थितजन इस संकल्प के साथ यहाँ से जाएंगे कि अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक सदस्य बनाकर कांग्रेस सदस्यता अभियान के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान देंगे।

2...

Created by Universal Document Converter

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्यता अभियान डिजीटल माध्यम के साथ ही बुकलेट के माध्यम से भी जारी है। जिन्हें डिजीटल माध्यम से सदस्य बनाने में असुविधा हो वे बुकलेट प्राप्त कर सदस्य बना सकते है। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान को इसलिए प्राथमिकता दी जा रही है ताकि प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं का डाटा एक स्थान पर इस तरह से संकलित होगा कि आवश्यक सूचनाएं एवं जानकारियां चुटकियों में उन तक पहुँचाई जा सके। उन्होंने कहा कि बुकलेट के माध्यम से सदस्य बनाने पर उन सदस्यों का डाटा पेन ड्राईव के माध्यम से प्रदान करना होगा तथा प्राप्त डाटा को डिजीटलाईज किया जाएगा, यदि शुरू में ही डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् सदस्य जोड़ लिए जाएं तो इस लम्बी कवायद से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 13 लाख से अधिक सदस्यता फार्म दिए गए है तथा 10 लाख से अधिक सदस्य डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् जुड़ चुके है। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु प्रदेश कांग्रेस को देरी से एप्प के उपयोग की छूट मिली थी किन्तु अब जिस गति से सदस्यता अभियान चल रहा है निर्धारित समय में लक्ष्य को कांग्रेस कमेटी प्राप्त कर लेगी। उन्होंने कहा कि सभी उपस्थित निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षगण यदि चीफ एनरोलर नहीं बने हैं तो उन्हें भी चीफ एनरोलर बनाकर सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने कोरोना महामारी में बेहतरीन प्रबन्धन किया तथा वैश्विक महामारी के बावजूद राजस्थान सरकार ने लगातार एक से एक बेहतरीन बजट प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि पहली बार बजट घोषणाएं दिसम्बर माह में लागू कर राजस्थान सरकार ने एक नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट में मुख्यमंत्री महोदय ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का दायरा बढ़ाकर किसानों को बिजली के बिलों में 12 हजार रुपये की छूट प्रदान करने के साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं को 50 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया है, जिसके तहत् आधे उपभोक्ताओं को बिजली बिलों से पूरी तरह छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस का कार्यकर्ता सरकार द्वारा किए गए कार्यों से पूरी तरह उत्साहित होकर कार्य कर रहा है तथा सभी कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनता तक जाएंगे। राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की गुड गर्वनेन्स संगठन के बेहतरीन कार्य के आधार पर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कांग्रेस कार्यकर्ता आशावान है कि राजस्थान सरकार द्वारा किए गए कार्यों का लाभ प्राप्त कर जनता उम्मीद भरी नजरों से

3...

Created by Universal Document Converter

कांग्रेस की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में तीन स्तरीय महँगाई मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत् सभी जिलों में दिनांक 04 अप्रेल, 2022 तक धरना एवं प्रदर्शन कर महँगाई का विरोध करने के साथ ही दिनांक 07 अप्रेल, 2022 को जयपुर में प्रदेश स्तरीय महँगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् धरना एवं प्रदर्शन किया जाना निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सभी निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण महँगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में धरना एवं प्रदर्शन स्थल पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जनता के बीच जाकर राजस्थान सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा जनता से किए गए विश्वासघात एवं विफलताओं की जानकारी लोगों को प्रदान करेंगे तथा वर्ष 2023 में कार्यकर्ताओं के दम पर राजस्थान में कांग्रेस पुनः सरकार बनाएगी तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार का सफाया होगा।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं का अधिवेशन बुलाकर प्रस्ताव पारित कर सरकार को सुझाव देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री रहे किंतु ऐसा पहली बार हुआ कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं की मंशा की जानकारी प्रदान कर सरकार को लोक कल्याणकारी योजना बनाने में सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझावों के अनुरूप यदि सरकार द्वारा निर्णय लिए जाते हैं तो पार्टी के कार्यकर्ता योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि इस बजट के पश्चात् अगले बजट को और भी बेहतरीन बनाने का उन पर दबाव है। श्री गहलोत ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाएं, लोगों से मिल कर उनकी अपेक्षाओं की जानकारी सरकार तक पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि अगले बजट हेतु सभी कार्यकर्ता अपने-अपने सुझाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से उन तक पहुँचाये ताकि प्रदेश के लिए लोक कल्याणकारी बजट तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती हेतु कार्यकर्ताओं के अधिवेशन हुए, प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुए है तथा अग्रिम संगठनों के साथ अलग से संवाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के अनुसार सरकार निर्णय लेकर जन कल्याण करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी कार्यकर्ता एवं नेता जितना अधिक जनता के बीच जाएगा उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुःख में काम आना एवं सेवा करना ही राजनीति की सही परिभाषा है। उन्होंने कहा कि

4...

Created by Universal Document Converter

चुनावों में हार-जीत होती रहती है इससे हतोत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी देश के सबसे मजबूत नेताओं में से एक है, क्योंकि केवल वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फासीवादी शासन का मुकाबला कर रहे है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी द्वारा कही गई बात का ना चाहते हुए भी श्री नरेन्द्र मोदी को बाध्य होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस हार गई थी किंतु उस वक्त जिन नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के लिए जी-जान से कार्य किया वहीं आज कांग्रेस के शीर्ष पदों पर विराजमान है। उन्होंने कहा कि 1977 की हार के पश्चात् की गई मेहनत के कारण ही वे स्वयं आज मुख्यमंत्री के पद तक पहुँचने में सफल रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 1977 में हार के पश्चात् जिलाध्यक्ष बनने पर लोगों के ताने सुनने को मिलते थे किंतु आज वही लोग तारीफ करते हैं एवं अपने कार्यों के लिए ज्ञापन देने भी आते है। उन्होंने कहा कि आज मौका है सभी कार्यकर्ताओं को अपनी अलग पहचान बनाने का तथा खुद को राजनीति में साबित करने का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है जिसमें सभी सदस्यों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी दी गई है जो व्यक्ति बेहतर तरीके से जिम्मेदारी निभाएगा वहीं आगे कुनबे में महत्व पाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं देश का डीएनए एक है, कांग्रेस मुक्त भारत कहने वाले खुद खत्म हो जाएंगे किंतु कांग्रेस इसी मजबूती के साथ देश में मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखण्डता के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी, स्व. श्री राजीव गाँधी, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बेअन्त सिंह शहीद हो गए और प्रधानमंत्री आज भी 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया पूछ रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत में है, जबकि भाजपा की केन्द्र सरकार ईडी, आईटी के दुरूपयोग द्वारा मीडिया को दबाव में लाकर अपना प्रचार-प्रसार कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री संजय निरूपम जैसे पीआरओ मिलना राजस्थान के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सीएजी जैसे महत्वपूर्ण पद पर श्री विनोद राय ने यूपीए सरकार एवं डॉ. मनमोहन सिंह पर झूठे आरोप लगाएं थे जिसके कारण यूपीए सरकार चली गई, किंतु उक्त श्री विनोद राय को झूठ बोलने पर श्री संजय निरूपम से लिखित में माफी माँगनी पड़ी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को डिजीटल सदस्यता अभियान के माध्यम से अपनी पहचान बनाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं नेता अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पूर्ण करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि वे अपने राजनीतिक जीवन से पूर्णतया संतुष्ट हैं तथा राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाकर वे अपने कर्त्तव्य की पूर्ति करना चाहते है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की

5...

Created by Universal Document Converter

मंशा के अनुसार सरकार के निर्णय लेकर पुनः वर्ष 2023 में कांग्रेस सरकार राजस्थान में बनाएंगे।

पीआरओ श्री संजय निरूपम ने बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में विधानसभा सत्र के चलते तथा अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव होने के कारण कांग्रेस सदस्यता अभियान की तारीख 15 अप्रेल, 2022 तक बढ़ाई गई है जिसका पूर्ण सदुपयोग कर सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से सदस्य जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि 10 लाख सदस्य डिजीटल माध्यम से जुड़े हैं तथा 58 हजार करीब बूथ एनरोलर बन चुके है इसलिए उन्हें पूर्ण आशा है कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के पश्चात् कांग्रेस के संगठन चुनाव सम्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यों के बीच से ही बूथ एवं ब्लॉक इकाईयों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् उत्कृष्ट कार्य करने वालों का डाटा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को प्राप्त हुआ है जिन्हें संगठन में योग्यता अनुसार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान के माध्यम से सूचना एवं प्रचार-प्रसार का नया माध्यम तय होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के माध्यम से अपनी योग्यता को नेताओं के समक्ष साबित कर सकते है। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान में जिस नेता एवं कार्यकर्ता द्वारा अधिकाधिक योगदान प्रदान किया जाएगा उसे संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान प्रभारी श्री तरूण कुमार, प्रदेश के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त एपीआरओ श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत, श्री अमित कुमार टुन्ना, डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु एनालिटिका विभाग के राजस्थान प्रभारी श्री भूपेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter